उद्यमिता विकास केन्द्र (सेडमैप), म.प्र. भोपाल
16–ए, अरेरा हिल्स, भोपाल

कमांक /सेडमैप/एच.आर/13 दिनांक : 08/05/2023

//आदेश//

मध्यप्रदेश राज्य मुकदमा प्रबंधन नीति–2018 के तहत् धारा–5 के अनुसार उद्यमिता विकास केन्द्र (सेडमैप), म.प्र. भोपाल में विधिक प्रकोष्ठ की स्थापना की जाती है।

उपरोक्त प्रकोष्ठ की स्थापना हेतु उद्यमिता विकास केन्द्र (सेडमैप), म.प्र. भोपाल के निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों की एक समिति का गठन किया जाता है :–

1. डॉ. वेद प्रकाश सिंह – एच आर–प्रमुख
2. श्री राजीव सिंघई – नोडल अधिकारी–मेनपॉवर शाखा
3. श्री एस. के. श्रीवास्तव– पी.एम.यू.–प्रमुख
4. श्री जॉन.सी. ईप्पन – सचिव
5. श्री सुधीर कुमार जैन – रणनीतिक सलाहकार
6. सुश्री श्वेता गुप्ता / – चार्टड एकाउन्टेन्ट/
7. श्री विशाल चौरसिया – एकाउन्टेन्ट
8. ईम्पेन्लड एडवोकेट

उपरोक्त समिति निम्नलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी होगी।

- नीति की कण्डिका 2.3 में दिये गये मार्गनिर्देशक सिद्वांतों को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र (ADR) को विकसित करना।
- दैनिक प्रशासनिक कृत्यों में विधिक बिन्दुओं पर सलाह देना।
- नीति की कण्डिका 20 के अनुसार आंतरिक शिकायत निवारण प्रणाली (IGR System) का प्रावधान करना।
- नीति की कण्डिका 20.3 एवं 23 के अनुसार माननीय न्यायालय में जाने से पूर्व अंतनिहित प्रकरणों को IGR System के माध्यम से निराकरण का प्रयास किया जाना।
- विधिक प्रकोष्ठ महाधिवक्ता कार्यालय, संयुक्त संचालक लिटिगेशन एवं विधि विभाग से समन्वय कर अधिवक्ता तथा सीए का पैनेल तैयार करने तथा उनकी देय फीस इत्यादि निर्धारित करने का कार्य करेगी।

- आंतरिक शिकायत निवारण समिति प्रतिमाह एक बैठक आवश्यक रूप से आयोजित कर प्राप्त प्रकरणों का निवारण 8 सप्ताह की समय सीमां में किया जाना सुनिश्चित करेगी।
- सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित सभी कर्मचारियों से यह अपेक्षा होगी कि अपने प्रकरणों के त्वरित एवं सुलभ निराकरण हेतु उद्यमिता विकास केन्द्र (सेडमैप) द्वारा उपलब्ध करायी गयी सुविधा का लाभ प्राप्त करेंगे।
- अतः माननीय न्यायालय में मुकदमा दर्ज करने के पूर्व सर्वप्रथम सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों सहित सभी अपने प्रकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

(सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित)

8/5/23

(डॉ.वेद प्रकाश सिंह)
एच.आर.–प्रमुख

प्रतिलिपिः

1. माननीय कार्यकारी संचालक महोदया, सेडमैप, भोपाल को सादर सूचनार्थ।
2. समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ।

संपर्क व्यक्ति, डॉ. वेद प्रकाश सिंह, एच.आर.–प्रमुख
दूरभाष :– 07554000913, मोः 9479935845, 9425386409
E-mail ID: adrcedmap@gmail.com